NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Language : Hindi

Subject : Social-Science-Geography

Chapter : 4

Chapter Name : मानचित्र

Book Name : पृथ्वी : हमारा आवास

Q1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।

(i) मानचित्र के तीन घटक कौन-कौन से हैं?

Answer. मानचित्र के प्रमुख तीन घटक दूरी , दिशा और प्रतीक है।

Page : 29 , Block name : Short answer question

(ii) प्रधान दिग्बिंदु कौन-कौन से हैं?

Answer. चार मुख्य दिशाएं प्रधान दिग्बिंदु है जैसे- उत्तर , दक्षिण , पूर्व और पश्चिम।

Page : 29 , Block name : Short answer question

(iii) मानचित्र के पैमाने से आप क्या समझते हैं?

Answer. वास्तविक दूरी तथा मानचित्र पर दिखाई गई दूरी के अनुपात को पैमाना कहते हैं। पैमाने की सहायता से मानचित्र पर दिए गए दो स्थानों के बीच की दूरी का मापन करते हैं।

Page : 29 , Block name : Short answer question

(iv) ग्लोब की अपेक्षा मानचित्र अधिक सहायक होते हैं , क्यों?

Answer. ग्लोब में हम पूरी पृथ्वी का अध्ययन करते है, परन्तु पृथ्वी के किसी विशिष्ट भूभाग का अध्ययन करने के लिए मानचित्र अधिक सहायक होते है क्योंकि मानचित्र में तथ्य और जानकारियां अधिक होती है। अतः किसी भूभाग के अध्ययन में ग्लोब की अपेक्षा मानचित्र अधिक सहायक होते है।

Page : 29 , Block name : Long answer question

(v) मानचित्र एवं खाका के बीच अंतर बताएँ।

Answer.पैमाने के माध्यम से खीचे गए मानचित्र से हम बहुत सी जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं, जैसे देशों एवं शहरों के बीच की दूरी आदि। इसमें प्रतीकों का भी प्रयोग किया जाता है।लेकिन जब हम किसी छोटे क्षेत्र की विभिन्न

aglasem.com

जानकारियां जानना चाहते है तब हम उस छोटे क्षेत्र का बडे पैमाने पर रेखाचित्र खीचते है जिसे खाका कहते है। इसमे लम्बाई और चौड़ाई का प्रयोग किया जाता है।

Page : 29 , Block name : Long answer question

(vi) कौन-सा मानचित्र विस्तृत जानकारी प्रदान करता है?

Answer. बड़े पैमाने खीचा गया मानचित्र विस्तृत जानकारी प्रदान करता है।

Page : 29 , Block name : Short answer question

(vii) प्रतीक किस प्रकार मानचित्रों के अध्ययन में सहायक होते हैं?

Answer. प्रतीक मानचित्र का तीसरा प्रमुख घटक है जिसमे अक्षरों , छायाओं , रंगों , चित्रों तथा रेखाओं के उपयोग करके विभिन्न आकृतियों :- भवनों , सड़कों , पुलों , रेल की पटरियाँ या कुएँ आदि को दिखाया जा सकता है। इस प्रकार मानचित्र में और अधिक सूचनाओं का समावेश किया जाता है जिससे अध्ययन करना आसान हो जाता है।

Page : 29 , Block name : Long answer question

Q2 सही उत्तर चिह्नित (✔) कीजिए।

(i) वृक्षों के वितरण को दिखाने वाले मानचित्र हैं -

क. भौतिक मानचित्र

ख. थिमैटिक मानचित्र

ग. राजनीतिक मानचित्र

(ii) नीले रंग का इस्तेमाल किसे दिखाने में किया जाता है-

क. जलाशयों ख. पर्वतों ग. मैदानों

(iii) दिकसूचक का उपयोग किया जाता है -

क. प्रतीकों को दिखाने के लिए

ख. मुख्य दिशा का पता लगाने के लिए

ग. दूरी मापने के लिए

(iv) पैमाने आवश्यक है-

क. मानचित्र के लिए

ख. रेखाचित्र के लिए

ग. प्रतीकों के लिए

aglasem.com

Answer.(i) ख

(ii) क

(iii) ख

(iv) क

Page : 29 , Block name : Multiple choice question

aglasem.com